मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 27/06/2023

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति -289/2023
27 जून 2023
==================
 # मुख्यमंत्री 500 युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र
 # सेवा कैफ़े के माध्यम से बेटियों को उद्यमी बनाने का लक्ष्य
===============
रांची

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन नर्सिंग एवं आई.टी.आई कौशल कॉलेज और कल्याण गुरुकुल के **500** छात्र-छात्राओं को नियुक्ति पत्र का वितरण बुधवार **(28 जून 2023)** को करेंगे। उक्त कार्यक्रम कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार की विशेष प्रयोजन वाहिनी **(SPV)** के रूप में कार्य कर रही प्रेझा फाउंडेशन द्वारा आई.टी.आई कौशल कॉलेज नगरा टोली में आयोजित है। इस मौके पर मुख्यमंत्री आई.टी.आई. कौशल कॉलेज के अंतर्गत कुलीनरी विभाग की छात्राओं के द्वारा संचालित सेवा कैफ़े का भी उद्घाटन करेंगे।

उद्यमी बनाना है उद्देश्य

राज्य सरकार की विशेष प्रयोजन वाहिनी के रूप में कार्य कर रही प्रेझा फाउंडेशन द्वारा सेवा कैफ़े के अनुभव से छात्राओं को एक सफल उद्यमी बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। सेवा कैफ़े के माध्यम से बेटियों में उद्यमिता संबंधी व्यवहारिक ज्ञान की जानकारी कॉलेज में पढ़ाई के दौरान कराई जायेगी। मालूम हो कि कल्याण विभाग की एस.पी.वी. प्रेझा फाउंडेशन राज्य के **24** जिलों में **28** कल्याण गुरुकुल, **8** नर्सिंग कौशल कालेज और एक आई.टी.आई. कौशल कॉलेज का संचालन कर रही है।

इस परियोजना के माध्यम से अभी तक **30,000** से अधिक युवक युवतियों को देश की नामी गिरामी कंपनियों में रोजगार की प्राप्ति हुई है।

###

================

#Team PRD (CMO)